संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ

Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900 Fax: 91-0522- 2668017,2668078

पत्रांक– पी0जी0आई0 / मु0चि0अ0 / 2316 / 2023 / फाईल आरएसडी नं0 दिनांक 27 जुलाई, 2023

कार्यालय–आदेश

पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन के परिणाम स्वरूप वेतन निर्धारण किए जाने के सबंध में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा कार्यालय ज्ञाप सं0 F.20-42/2020(Misc)-Estt-1 दिनांक 02–02–2021 एवं सं0 F.20-42/2020(Misc)-Estt-1 दिनांक 05–06–2021 के साथ–साथ वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप सं0 सं0 4-21/2017-IC/E.III दिनांक 28–11–2019 एवं कार्यालय ज्ञाप सं0 4-21/2017-IC/E.II दिनांक 15–04–2021 एवं सं0–4-21/2017-IC/E.III दिनांक 04–07–2023 तथा एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन के परिणाम स्वरूप एम्स, नई दिल्ली में कार्यरत श्री राजेश के0, परिचर्या अधिकारी के सत्यापित वेतन निर्धारण ज्ञाप की प्रतियां उपलब्ध कराई गई है।

उक्त सन्दर्भित कार्यालय ज्ञापों तथा वेतन निर्धारण ज्ञाप के प्रकाश में पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन के परिणाम स्वरूप वेतन निर्धारण किए जाने हेतु निम्नवत आदेश एदत्द्वारा पारित किए जाते हैः–

1– पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन के सापेक्ष पूर्व अवसरों पर यदि किसी कर्मचारी द्वारा आगामी वेतन वृद्वि की तिथि (DNI) को वेतन निर्धारण किए जाने हेतु विकल्प– पत्र प्रस्तुत किया गया है, तो उसका वेतन निर्धारण निम्नवत किया जाएगाः–

(क) <u>पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन की तिथि से आगामी वेतन वृद्वि की तिथि (DNI) के एक दिन पूर्व तक वेतन निर्धारण।</u>

वर्तमान वेतन लेवल में पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन की तिथि को आहरित मूल वेतन को संज्ञानित करते हुए पदोन्नत / उच्चतर वेतन लेवल के अगले स्तर पर वेतन निर्धारित किया जाएगा।

(ख) <u>पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन की तिथि के पश्चात वेतन वृद्वि की तिथि (DNI) को वेतन निर्धारण।</u>

वर्तमान वेतन लेवल में पदोन्नति / एम0ए0सी0पी0एस0 के अर्न्तगत प्रदत्त वित्तीय उन्नयन की तिथि को आहरित मूल वेतन में वर्तमान वेतन लेवल पर 02 वेतन वृद्वियां आगणित करते हुए पदोन्नत / उच्चतर वेतन लेवल के समान अथवा अगले स्तर पर वेतन निर्धारित किया जाएगा।

परन्तु वित्तीय उन्नयन के उपरान्त पदोन्नति प्राप्त होने की दशा में आहरित मूल वेतन में केवल एक वेतन वृद्वि आगणित करते हुए पदोन्नत / उच्चतर वेतन लेवल के समान अथवा अगले स्तर पर वेतन निर्धारित किया जाएगा।

उक्त वेतन निर्धारण के उपरान्त छः माह पूर्ण करने पर (जनवरी / जुलाई) अगली वेतन वृद्वि प्रदान की जाएगी एवं तदोपरान्त बारह माह पूर्ण करने के उपरान्त वेतन वृद्वि प्रदान की जाएगी।

2– **उपर्युक्त संशोधित वेतन निर्धारण दिनांक 01–01–2016 से प्रभावी होगा।**

3– उपर्युक्त संशोधित वेतन निर्धारण किए जाने हेतु संबंधित संकाय सदस्य / अधिकारी / कर्मचारी अपना विकल्प–पत्र आदेश निर्गमन की तिथि से एक माह के अन्दर संबंधित अधिष्ठान को प्रस्तुत करना सुनिशिचित करेंगे।

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900 Fax: 91-0522- 2668017,2668078

4— संशोधित वेतन निर्धारण को शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित किए जाने हेतु अधोलिखित अधिकारियों की समिति गठित की जाती है:—

1— प्रो0 उत्तम सिंह, विभागाध्यक्ष, बी0एच0आई0	— अध्यक्ष।
2— प्रो0 विमल के0 पालीवाल, चिकित्सा अधीक्षक	— सदस्य।
3— प्रो0 रजनीश कुमार सिंह,संयुक्त निदेशक (प्र0)	— सदस्य।
4— कार्यपालक कुल सचिव	— सदस्य।
5— वित्त अधिकारी	— सदस्य।
7— श्री ए0के0 सिंह, व0प्र0अ0	— सदस्य।
8— श्री मनोज कुमार, व0प्र0अ0	— सदस्य।
9— श्री के0पी0 श्रीवास्तव, प्र0अ0	— सदस्य।

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक।

प्रतिलिपि:—

1— अपर निदेशक।
2— मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।
3— समिति के समस्त अधिकारीगण।
4— संस्थान के समस्त संकाय सदस्य/अधिकारी/कर्मचारियों को संस्थान की बेबसाईट के माध्यम से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5— समस्त सूचना पट्ट।

27/7/23

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक।